तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार, 15 मई 2026
अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

2 अब सेवा-सेतु केन्द्र के रूप में होंगे संचालित लोक सेवा केन्द्र






## खबर संक्षेप

### सेजेस बतौली के व्याख्याता की संविदा नियुक्ति को डीईओ ने किया समाप्त

**अम्बिकापुर।** छात्रा के साथ कार में संदिग्ध अवस्था में पकड़े गए सेजेस बतौली के व्याख्याता की संविदा नियुक्ति समाप्त कर दी गई है। वायरल वीडियों की जांच के बाद जिला शिक्षा अधिकारी ने यह कार्रवाई की है। बता दें कि पिछले दिनों एक वीडियों वायरल हुआ था जिसमें स्वामी आत्मानंद उत्कृत अंग्रेजी माध्यम के संविदा व्याख्याता सुरेश कुमार जायसवाल किसी कॉलेज छात्रा के साथ कार में संदिग्ध अवस्था में पकड़े गए थे। उक्त वीडियो 24 अप्रैल की रात्रि का बाया जा रहा था। वीडियो के सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद जिला शिक्षा अधिकारी ने घटना और वायरल वीडियो की जांच के लिए टीम बनाई थी। डीईओ कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार जांच में यह स्पष्ट हुआ कि वायरल वीडियो में दिखाई देने वाला व्यक्ति सुरेश कुमार जायसवाल ही है तथा प्रयुक्त वाहन भी उनका ही था। जांच प्रतिवेदन में कहा गया कि इस घटना से विद्यालय की गरिमा को गहरा आघात लगा एवं शिक्षा विभाग की छवि भी धूमिल हुई। आदेश के अनुसार सुरेश कुमार जायसवाल का यह कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 के नियम-3 के तहत निर्धारित कर्तव्यों के प्रतिकूल, अत्यंत गंभीर, निंदनीय एवं दंडनीय है। यह कृत्य सेवा में बने रहने हेतु इनकी पात्रता पर भी प्रश्नचिन्ह लगाता है तथा नियुक्ति आदेश के कण्डिका-5 का स्पष्ट उल्लंघन करने पर जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया था। प्रस्तुत जवाब संतोषप्रद नहीं पाए जाने पर सुरेश कुमार जायसवाल का कार्य-व्यवहार संतोषप्रद नहीं पाए जाने के कारण संविदा नियुक्ति समाप्त कर दी गई है।

### पेड़ के नीचे गुड बेच रहे वृद्ध पर गिरा डंगाल, मौत

**अम्बिकापुर।** दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम खजुरी कोलटापारा निवासी मिनकेतन प्रधान आ. स्व. गनसो प्रधान (62 वर्ष) 13 मई को लखनपुर साप्ताहिक बाजार में गुड़ बेचने गया था। ग्रामीण लखनपुर सेन्ट्रल बैंक के बगल में पीपल पेड़ के नीचे चबूतरा में बैठक कर गुड़ बेच रहा था। दोपहर 3 बजे मौसम बदलने के साथ तेज आंधी तूफान चलना शुरू हो गया। इसी बीच पीपल पेड़ का मोटा डंगाल टूट कर ग्रामीण के ऊपर गिर गया जिससे वह गंभीर रूप घायल हो गया। घायल को तत्काल लखनपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने ग्रामीण की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। जहां उपचार के दौरान शाम 5.40 बजे ग्रामीण की मौत हो गई।

### कलेक्टर ने जारी की 50 लाख की राशि

# वर्षों पुराने अस्पताल भवन की छत पर शेड निर्माण कर किया जाएगा भवन को सुरक्षित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बातें**
- बारिश के समय वार्डों में भर जाता है पानी, सीपेज सबसे बड़ी समस्या
- मरीजों का उपचार करना हो जाता है मुश्किल

राजमाता श्रीमती देवेंद्र कुमारी सिंहदेव मेडिकल कॉलेज अस्पताल सह रघुनाथ जिला चिकित्सालय को संरक्षित करने की दिशा में एक बार फिर से उम्मीद जगी है। कलेक्टर सरगुजा ने अस्पताल की छत पर शेड निर्माण के लिए 50 लाख रूपए की राशि डीएमएफ मद से स्वीकृत की है। इसके साथ ही निर्माण का जिम्मा नगर निगम को दिया गया है लेकिन यदि समय रहते निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया तो बारिश के समय निर्माण में दिक्कत होगी और अस्पताल में मरीजों को इस बार भी खासी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

शहर का रघुनाथ जिला चिकित्सालय वर्षों से शहर सहित संभागभर से आने वाले मरीजों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराता आ रहा है। इस भवन की महत्ता का अंदाजा इस बात से ही लगाया जा सकता है कि इसकी स्थापना वर्ष 1931 में महाराज रामानुज शरण सिंहदेव ने रघुनाथ चिकित्सालय की स्थापना की थी और तब से इस भवन के नीचे लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं मिल रही है। आज इसी भवन की वजह से सरगुजा में मेडिकल कॉलेज अस्पताल की मान्यता मिली। मान्यता मिलने के बाद से ही अस्पताल का संचालन मेडिकल कॉलेज के नाम पर हो रहा है और सारी सुविधाएं भी मरीजों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल की मिल रही है लेकिन अब यह भवन जर्जर हो चुका है। समय समय पर इस भवन के मरम्मत का कार्य कराया गया लेकिन बारिश शुरू होने के साथ ही वार्डों में पानी सीपेज की समस्या बनी रहती है। पानी सीपेज के कारण कई वार्डों में की गई फाल सीलिंग खराब हो गई और वार्डों में पानी टपकते रहता है। पानी टपकने से वार्ड में मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ता है इसके साथ ही चिकित्सक व नर्सिंग स्टाफ का काम करना भी मुश्किल हो जाता है। वहीं अस्पताल के फर्श पर पानी होने से मरीज के साथ ही स्वास्थ्यकर्मी फिसलकर गिरते है। बारिश के समय पूरा अस्पताल पानी पानी रहता है।


जिला अस्पताल भवन।

#### यहां सबसे ज्यादा समस्या

छत में सीपेज की समस्या के कारण मेडिकल कॉलेज अस्पताल सह जिला चिकित्सालय के पुरुष सर्जिकल वार्ड, आर्थो वार्ड, गलियारा, मेडिकल वार्ड, ओपीडी कक्ष, चिकित्सक कक्ष सहित अन्य हिस्सों में पानी टपकने की समस्या है। अस्पताल की छत पर एक वैकल्पिक व्यवस्था के तहत वाटर प्रूफिंग की गई, प्लास्टिक पन्नी बिछाई गई लेकिन ये वैकल्पिक व्यवस्था के कारण पानी रुक नहीं पाता। इसके साथ ही छत पर वाटर प्रूफिंग की कोटिंग भी काफी मोटी हो गई है जिस वजह से इसका भी फायदा नहीं मिल पाता है।

#### डीएफएम से जारी हुई राशि

जिला अस्पताल भवन की छत के जर्जर होने से मरीजों को खासी परेशानी होती थी। इसके साथ ही हादसे का खतरा भी बना रहता था। यही वजह है कि पूर्व में प्रबंधन ने छत के ऊपर पानी रोकने के लिए शेड निर्माण की योजना विगत वर्ष बनाई थी। इसके लिए 1 करोड़ 5 लाख रुपए का प्रस्ताव शासन को भेजा गया था लेकिन लंबे समय के बाद भी इसे स्वीकृति नहीं मिली। इस प्रस्ताव को इस आधार पर रिजेक्ट कर दिया गया कि आने वाले समय में मेडिकल कॉलेज अस्पताल अपने नए भवन में चल जाएगा इसीलिए इस राशि की जरूरत नहीं है।हरिभूमि द्वारा इस समस्या को प्रमुखता से प्रकाशित किया गया इसके साथ ही अस्पताल प्रबंधन ने कलेक्टर के समक्ष समस्या उठाई थी जिसके बाद कलेक्टर अजीत वसंत ने डीएमएफ मद से 50 लाख रूपए की स्वीकृति प्रदान की है। इस राशि से छत पर शेड निर्माण का कार्य किया जाएगा। शेड निर्माण का जिम्मा नगर निगम को दिया गया है।

#### जारी की गई है राशि

समस्या को ध्यान में रखते हुए शेड निर्माण की स्वीकृति दी गई है। डीएमएफ से 50 लाख रूपए की राशि जारी की है और नगर निगम को निर्माण का जिम्मा दिया गया है। निर्माण कार्य समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए गए है।

-अजीत वसंत, कलेक्टर सरगुजा

* **बलरामपुर।** सुशासन तिहार अंतर्गत 15 मई को विकासखण्ड बलरामपुर के ग्राम पंचायत झालरिया चौक के पास में आयोजित शिविर में ग्राम पंचायत डौरा, कोचली, कोटसरी, करकेपा, मुख, लिलौटी, घाघरा, झलरिया, तरकाखाड़, डुमरखोला के ग्राम पंचायत लाभान्वित होंगे।

## उत्तरप्रदेश से आए बदमाशों ने कल्याणपुर जंगल में की थी लूट

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- दो आरोपी गिरफ्तार, शेष की तलाश जारी

शहर से लगे कल्याणपुर जंगल में पिस्तौल दिखाकर लूट के मामले में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने इस मामले में फिलहाल दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी उत्तर प्रदेश के रहने वाले है और शहर में रहकर दहशत फैलाने का काम कर रहे थे। पुलिस लुटेरों के साथियों की तलाश कर रही है।

बता दें कि प्रतापपुर मार्ग पर कल्याणपुर जंगल में हथियार के बल पर लूट का मामला सामने आया था। 12 मई की रात जयनगर कल्याणपुर निवासी धर्मेन्द्र यादव आ. गणेश प्रसाद यादव शादी समारोह में शामिल होने के लिए ऑटो से ग्राम कोलडीहा गया हुआ था और 12 बजे शादी से वापस लौट रहा था। इस दौरान रात्रि लगबघ 12.40 बजे ग्राम घंघरी गेरवानी नाला के पास पीछा कर 6 पल्सर बैक सवार 10-12 युवकों उसका रास्ता रोक लिया और अपने पास रखे पिस्तौल को निकालकर ऑटो चालक पर अड़ा दिया व जान से मारने की धमकी देकर नगदी रूपए की मांग करने लगे। जब चालक ने अपने पास रुपए नहीं होने का हवाला दिया तो लुटेरे उसका मोबाइल फोन लूटकर फरार हो गए। बड़ी बात यह है कि लुटेरों ने रात के अंधेरे में प्रतापपुर मार्ग पर जमकर उत्पात मचाया व धरमपुर निवासी एक अन्य कार सवार परिवार का रास्ता रोक लिया लेकिन समय रहते चालक ने कार की रफ्तार बढ़ा दी। इस घटना की सूचना के बाद एसएसपी राजेश अग्रवाल के निर्देश पर एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लो के नेतृत्व में पुलिस टीम मामले की जांच कर रही थी। जांच के दौरान पुलिस ने अंबिकापुर-प्रतापपुर मार्ग पर लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की जिसमें कुछ संदेही बाइक से जाते हुए नजर आए। पुलिस ने संदेही युवकों की पहचान वैभव मिश्रा एवं लवकुश कुमार के रूप में की। पुलिस ने यूपी सुल्तानपुर गुड़वार पुरेचेरे निवासी 20 वर्षीय वैभव मिश्रा आ. ज्ञान प्रकाश मिश्रा व सुल्तानपुर कुडवार निवासी 24 वर्षीय लवकुश कुमार आ. बंसी राम को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी 4 मई को ही अंबिकापुर आए थे और राजा गैस गोदाम के पास रुके थे। आरोपियों द्वारा जिले में लूटपाट की वारदात को अंजाम देने की योजना बनाई गई थी। बड़ी बात यह है कि आरोपी अक्सर अम्बिकापुर आते रहते है। पुलिस ने वैभव मिश्रा व लवकुश कुमार को बीएनएस की धारा 126(2), 310(2) एवं 25 आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है जबकि फरार आरोपियों की तलाश जारी है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी राजेश खलखो, थाना प्रभारी गांधीनगर प्रवीण द्विवेदी, प्रभारी साइबर प्रभारी अजीत कुमार मिश्रा, प्रधान आरक्षक भोजराज पासवान, विकास सिन्हा, जयदीप सिंह, आरक्षक मनीष सिंह, रमेश रजवाड़े, विकाश मिश्रा, रमन मण्डल, राहुल सिंह, उमा शंकर साहू की सक्रिय रहे।



## नीम कोटेड यूरिया से भरा पिकअप, 70 बोरी खाद जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

- पत्थलगांव से मैनपाट लेकर जा रहे थे खाद, चल रहा अवैध भंडारण का खेल

कृषि विभाग ने नीम कोटेड यूरिया से भरे पिकअप को पकड़ने में सफलता हासिल की है। पिकअप से 70 बोरी नीम कोटेड यूरिया बरामद किया गया है। कोचिए भविष्य में कालाबाजारी के लिए यूरिया का अवैध रूप से भंडारण कर रहे थे। फिलहाल जब्त किए गए वाहन व आरोपी को पकड़कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है इसके साथ ही मामले की जांच चल रही है। बता दें कि सरगुजा में खेती के समय यूरिया की कालाबाजारी चरम पर होती है। यूरिया की किल्लत का फायदा उठाकर कोचिए व तस्कर किसानों को मोटी कीमतों पर यूरिया की बिक्री करते है लेकिन वर्तमान में ना ही धान के फसल की तैयारी शुरू हुई है और ना ही किसानों को किसी अन्य फसल के लिए यूरिया की जरुरत है लेकिन कोचिया अभी से ही यूरिया के भंडारण में जुट गए है। इसका एक मात्र उद्देश्य खेती के समय किसानों को मोटी कीमतों पर यूरिया बिक्री कर उनकी मजबूरी का फायदा उठाना है। यही वजह है कि कोचिया बड़े पैमाने पर ग्रामीण क्षेत्रों में यूरिया का भंडारण कर रहे है। इस बीच कृषि विभाग को भी सूचना मिली थी कि पिकअप से अवैध रूप से यूरिया का परिवहन किया जा रहा है। सूचना के बाद कृषि विभाग ने पुलिस की मदद से सीतापुर थाना क्षेत्र में घेराबंदी की। इस दौरान संदिग्ध पिकअप वाहंक क्रमांक सीजी 14 एमके 6568 को रोका गया। जब टीम ने वाहन की तलाशी ली तो वाहन में 70 बोरी नीम कोटेड यूरिया लोड था। जब कृषि विभाग के अधिकारियों ने वाहन चालक से खाद के दस्तावेज मांगे तो वह कोई भी वैध दस्तावेज पेश नहीं कर पाया। चालक बिना किसी दस्तावेज के ही नीम कोटेड यूरिया खाद पिकप वाहन के जरिए कालाबाजारी के लिए ले जा रहा था। इस संबंध में उर्वरक निरीक्षक संतोष बेक ने बताया कि उक्त नीम कोटेड यूरिया खाद अवैध रूप से पत्थलगांव से मैनपाट खपाने ले जाया जा रहा था। इस खाद से जुड़ा कोई वैध दस्तावेक चालक के पास नही था। जिसके बाद खाद समेत वाहन जब्त कर पुलिस के हवाले किया गया। इस मामले में आगे की कार्यवाही हेतु प्रकरण तैयार करते हुए कलेक्टर को सौंपा गया है। इस कार्यवाही के दौरान एसएडीओ सीतापुर लिली मॉरिस बखला, मैनपाट गंगाराम पैंकरा, अमित गुप्ता, उपनिरीक्षक रघुनाथ भगत एवं पुलिस के जवान मौजूद थे।

इस संबंध में डीडीए कृषि पीएस दिवान ने कहा कि उर्वरक की अवैध बिक्री और परिवहन पर प्रशासन एवं कृषि विभाग की पैनी नजर है। उर्वरक की कालाबाजारी करते पाए जाने पर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



## 75 हजार के नशीले इंजेक्शन, एक गिरफ्तार

**सूरजपुर।** नशे के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को उस समय बड़ी सफलता हाथ लगी जब पुलिस टीम ने 75 हजार कीमत के नशीले इंजेक्शन के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है। क्षेत्र में गश्त कर रहे चौकी बसदेई पुलिस ने रेल्वे स्टेशन में अंबिकापुर-दुर्ग ट्रेन का आने का समय होने पर स्टेशन सूरजपुर रोड जाकर स्टेशन के बाहर ट्रेन से उतर कर आने जाने वाले यात्रियों से पूछताछ किया जा रहा था उसी समय एक व्यक्ति रेलवे स्टेशन के बाहर हाथ में झोला रखा था जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस ने स्टेशन के बाहर घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ पर उसने नाम मदनेश्वर प्रसाद आ. स्व. राम रतन (35 वर्ष) व ग्राम सोनपुर चौकी बसदेई का होना बताया। पुलिस ने उसके पास रखे झोला की तलाशी ली तो 75 हजार रुपये कीमत का नशीला इंजेक्शन बरामद किया। पूछताछ पर आरोपी ने बताया कि एक व्यक्ति 20 हजार रुपये नशीली इंजेक्शन खरीदने के लिए दिया था जिसके बाद मध्यप्रदेश के एक जिले के एक मेडिकल स्टोर से नशीली इंजेक्शन खरीदकर ला रहा था। पुलिस ने नशीला इंजेक्शन को जब्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 21(सी) एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस ने मामले में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

### काम से निकाले जाने से नाराज पूर्व कर्मचारी ने बनाई थी योजना, दोस्तों के साथ दिया अंजाम

## पेट्रोल पम्प मैनेजर से लूट के मामले में नाबालिग समेत चार गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** पेट्रोल पम्प के मैनेजर से 61 हजार रूपए से अधिक की लूट करने के मामले में दरिमा पुलिस ने सफलता हासिल की है। पुलिस ने इस मामले में विधि से संघर्षरत बालक समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस लूट का मास्टर माइंड पेट्रोल पम्प का पूर्व कर्मचारी ही निकला जो पूर्व में की गई चोरी के बाद काम से निकाले जाने से नाराज था।

बताया जा रहा है कि गांधीनगर निवासी शिवचंद वर्मा आ. अर्जुन प्रसाद वर्मा मैनपाट के कुम्हारता नचाई स्थित वेदिका पेट्रोल पंप का मैनेजर है। मैनेजर शिवचंद वर्मा 7 मई को वेदिका पेट्रोल पंप से हिसाब किताब करने के बाद नगदी रकम 61 हजार 670 रूपए लेकर वापस अम्बिकापुर आ रहा था। इस दौरान रास्ते में नचाई चौक के पास दो बाईक में चार नकाबपोश लोगों ने उसका रास्ता रोक लिया और गाली गलौज करते हुए जान से मारने की दमकी दी। लुटेरे मैनेजर के पास रखा नगदी रकम, मोबाइल फोन, हिसाब किताब की डायरी और बाइक लूटकर फरार हो गए। इस घटना की शिकायत मैनेजर ने पुलिस से की थी जिसके बाद मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही थी। दरिमा पुलिस व साइबर सेल की टीम ने दरिमा से गांधीनगर के बीच सैकड़ो सीसीटीवी फुटेज की जांच की इसके साथ ही लोगों से पूछताछ की। इस दौरान सीसीटीवी फुटेज व लोगों के बयान के आधार पर पुलिस ने आरोपियों की पहचान दुर्गेश, आकाश झारिया, निशांत नगेसिया एवं एक अन्य के रूप में की। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही थी। इस दौरान मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने दुर्गेश उर्फ यश ईमालीया को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो आरोपी ने अपना जुर्म कबूल करते हुए बताया कि वह पूर्व में वेदिका पेट्रोल पंप में काम करता था और अपनी शादी के लिए पेट्रोल पंप से बिना अनुमति 30 हजार रूपए लिया था। इस बात की जानकारी मिलने के बाद पेट्रोल पम्प के मालिक ने उसे काम से निकाल दिया था और इसी बात की रंजिश रकते हुए उसने अपने दोस्तों के साथ मिलकर लूट की योजना बनाई थी। पुलिस ने मामले में प्रतापपुर नाला सहेली गली शिव मदिर रोड निवासी 22 वर्षीय दुर्गेश उर्फ यश ईमालीया आ. रविंद्र लाल हरिजन, मिशन चौक निवासी 20 वर्षीय आकाश जाहारिया आ. सुनील राम हरिजन, सहेली गली निवासी 20 वर्षीय निशांत नगेसिया आ. योगेश्वर नगेसिया और एक विधि से संघर्षरत बालक को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त पल्सर बाइक क्रमांक सीजी 15 डीएक्स 5401, एक नग एक्टिवा स्कूटी सीजी 15 ईएच 7025 को जब्त कर तीनों आरोपियों को जेल भेज दिया है जबकि विधि से संघर्षरत बालक को न्यायिक अभिरक्षा में बाल न्यायालय भेजा गया।



### लाखों का बारदाना जलकर खाक, एसडीएम ने दिए जांच के निर्देश

# बारदाना गोदाम में लगी भीषण आग, 9 घंटे में पाया काबू

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

गुरुवार को नगर के पर्री स्थिति राइस मिल के बारदाना गोदाम में आग लग गई। गोदाम में लगी आग ने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया और लाखों रूपए के बारदाने गोदाम में जलकर खाक हो गए। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची दमकल विभाग की टीम द्वारा आग बुझाने का काम शुरू किया गया। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है लेकिन एक ही व्यक्ति के गोदाम में पांच महीने के भीतर दूसरी बार लगी आग ने सवालों को जन्म दे दिया है। इस मामले में एसडीएम ने जांच के निर्देश दे दिए है।



बताया जा रहा है कि नगर के पर्री में संदीप एग्रो के नाम से राइस मिल संचालित है। राइस मिल परिसर में कंपनी का बारदाना गोदाम भी है। संदीप एग्रो का एक बारदाना गोदाम पिछले दो साल से बंद पड़ा हुआ था और इसमें बड़ी संख्या में बारदाना और अन्य सामान पड़े हुए थे। इस बीच गुरुवार की सुबह अचानक ही गोदाम में आग लग गई। गोदाम से निकलता धुंआ देखकर स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना के बाद डायल 112 की टीम ने सुबह 7.30 बजे दमकल विभाग को इसकी सूचना दी जिसके बाद दमकल की टीम आग बुझाने के लिए मौके पर पहुंची। बारदाना व अन्य वेस्ट सामग्री होने के कारण आग ने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया था। दमकल की तीन वाहनों की मदद से आग बुझाने का काम शुरू हुआ। इस दौरान दमकल टीम को गोदाम की दीवार को भी जेसीबी के माध्यम से तोडना पड़ा। लगभग 9 घंटे से अधिक समय तक चले के मशक्कत के बाद दोपहर 3 बजे आग पर काबू पाया गया लेकिन तब तक गोदाम में रखे बारदाना जलकर खाक हो गए थे।

#### पांच महीने में दूसरी बार लगी आग

बताया जा रहा है कि संदीप एग्री एजेंसी के बारदाना गोदाम में आग लगने की यह पहली घटना नहीं है। इसके पहले परिसर में मौजूद एक अन्य बड़े गोदाम में 12 जनवरी को आग लगी थी जिसमें लाखों रूपए के बारदाना जलकर खाक हो गए थे। पिछली बार लगी आग के कारणों का पता नहीं सका और इस बार फिर से गोदाम में आग लग गई। इस बार भी आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है लेकिन बार बार हो रही घटना को लेकर नगर में तरह तरह की चर्चाएं है और कई तरह के सवाल खड़े किए जा रहे है। वहीं इस मामले में एसडीएम ने जांच के निर्देश दिए है।



## खबर संक्षेप

### भाजपा की संगठनात्मक बैठक आज

**बैकुण्ठपुर।** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी की अध्यक्षता में 15 मई को जिला भाजपा कार्यालय में जिला कोर ग्रुप जिला पदाधिकारी एवं जिला स्तरीय प्रशिक्षण से संबंधित महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई है। बैठक में क्षेत्रीय विधायक भईयालाल राजवाड़े, जिला संगठन प्रभारी ललन प्रताप सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य केबी जायसवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा सहित जिले के सभी पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, महामंत्री, मोर्चा के जिलाध्यक्ष, महामंत्री प्रकोष्ठ के जिला संयोजक, नगरीय निकाय एवं जनपद के निर्वाचित प्रतिनिधि तथा अपेक्षित कार्यकर्ता आमंत्रित किए गए हैं। बैठक में पार्टी की आगामी कार्ययोजना, शक्ति केन्द्र एवं बूथ समितियों के गठन, जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम तथा संगठनात्मक गतिविधियों से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जाएगी।

### पीईटी प्रवेश परीक्षा में 56 परीक्षार्थी हुए शामिल

**बैकुण्ठपुर।** शासकीय रामानुज प्रताप सिंहदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय बैकुंठपुर में 14 मई को आयोजित पीईटी-पीपीएचटी प्रवेश परीक्षा की प्रथम पाली शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। परीक्षा केन्द्र से जारी उपस्थिति प्रतिवेदन के अनुसार कुल 81 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। इनमें से 56 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 25 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। महाविद्यालय प्रशासन द्वारा परीक्षा संचालन के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की गई थीं। परीक्षा निर्धारित समय पर शुरू हुई तथा परीक्षा केन्द्र में सुरक्षा एवं अनुशासन बनाए रखने के लिए आवश्यक प्रबंध किए गए थे।

### भूमि का सहायक संचालक योजना पद पर चयन

**बैकुण्ठपुर।** शहर की होनहार बेटी भूमि गुप्ता का सहायक संचालक योजना पद पर चयन होने से पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। भूमि गुप्ता पिता दुर्गेश गुप्ता एवं माता माधुरी गुप्ता की सुपुत्री हैं। भूमि की इस उपलब्धि को जिले के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। उनकी मेहनत, लगन एवं संघर्ष ने न केवल परिवार बल्कि पूरे जिले का मान बढ़ाया है। परिजन, मित्रों एवं शुभचिंतकों ने भूमि गुप्ता को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



### डीएवीवी विवि की मेरिट में टिताश पहले नंबर पर

**बैकुण्ठपुर।** इंदौर स्थित देवी अहिल्या विश्वविद्यालय डीएवीवी द्वारा जारी मेरिट सूची में छात्र टिताश पॉल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया है। टिताश ने 8.50 सीजीपीए हासिल कर विश्वविद्यालय की टॉप-3 मेरिट सूची में पहला स्थान हासिल किया। उनकी इस उपलब्धि से परिवार, रिश्तेदारों एवं शुभचिंतकों में खुशी का माहौल है। टिताश के पिता सुबेंदु पॉल एवं माता शर्मिष्ठा पॉल शहर में वीनस ब्यूटी पार्लर का संचालन करती हैं। परिजन के अनुसार टिताश शुरू से ही पढ़ाई में मेधावी रहे हैं और नियमित अध्ययन व अनुशासन के दम पर उन्होंने यह मुकाम हासिल किया। उनकी सफलता पर मामा उत्पल दत्ता, कौशिक दत्ता ने शुभकामनाएं दी हैं।



### मनेन्द्रगढ़ जिला अधिवक्ता संघ का शपथ ग्रहण समारोह कल

**मनेन्द्रगढ़।** शहर के न्यायिक और प्रशासनिक गलियारों में भारी उत्साह है। जिला अधिवक्ता संघ मनेन्द्रगढ़ की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के लिए शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन 16 मई शनिवार को शाम 7 बजे से होटल हसदेव इन में किया जा रहा है। यह आयोजन न केवल संघ की नई टीम के कार्यभार को औपचारिक रूप देगा, बल्कि क्षेत्र के कानूनी समुदाय की मजबूती का प्रतीक भी बनेगा। इस समारोह के मुख्य अतिथि छग शासन के कैबिनेट मंत्री स्वास्थ्य और परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा श्याम बिहारी जायसवाल होंगे। मंत्री की उपस्थिति यह दर्शाती है कि राज्य शासन अधिवक्ताओं के कल्याण और न्याय व्यवस्था के प्रति अत्यंत गंभीर है। श्री जायसवाल कार्यक्रम में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को उनके दायित्वों की शपथ दिलाएंगे। उनके साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक श्रीमती रेणुका सिंह भी उपस्थित रहेंगी। कार्यक्रम में न्यायिक जगत से प्रधान न्यायाधीश राजेन्द्र वर्मा, प्रथम जिला न्यायाधीश यशवंत वासनीकर और द्वितीय जिला न्यायाधीश श्रीमती सरिता दास सहित छग राज्य विधिक परिषद् के अध्यक्ष रविन्द्र परासर भी इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बनेंगे। यह अधिवक्ताओं के लिए एक बड़ा मंच होगा, जहां शासन और न्यायपालिका एक साथ नजर आएंगे। अध्यक्ष पद पर निर्वाचित मनोज त्रिपाठी के नेतृत्व में संघ एक नई ऊर्जा के साथ कार्य शुरू करने जा रहा है। उनके साथ उपाध्यक्ष विनय पाठक, श्रीमती महजबीन खान और सचिव आशीष सिंह सहित पूरी कार्यकारिणी शपथ लेगी।

---

सेवा केंद्रो में होगी वृद्धि

442 डिजिटल सेवाएं नागरिकों को होंगी उपलब्ध, जन-जागरूकता एवं प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

# अब सेवा-सेतु केन्द्र के रूप में होंगे संचालित लोक सेवा केन्द्र

**बैकुंठपुर।** प्रदेश में डिजिटल नागरिक सेवाओं के विस्तार की दिशा में राज्य शासन द्वारा महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए संचालित लोक सेवा केन्द्रों का उन्नयन कर उन्हें अब सेवा-सेतु केन्द्र के रूप में संचालित किए जाने का निर्णय लिया गया है।

इस संबंध में सचिव, छग शासन, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। शासन द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार पूर्व में लोक सेवा केन्द्रों के माध्यम से उपलब्ध 73 सेवाओं की संख्या बढ़ाकर अब 442 डिजिटल सेवाएं नागरिकों को उपलब्ध कराई जाएंगी। इसका उद्देश्य आम नागरिकों को अधिकाधिक शासकीय सेवाएं सरल, सुगम एवं डिजिटल माध्यम से उपलब्ध कराना है। प्रदेशभर में सेवा-सेतु केन्द्रों की एक समान पहचान स्थापित करने के उद्देश्य से जिला ई-गवर्नेंस सोसायटी (डीईजीएस) के माध्यम से विभिन्न कार्यवाहियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं, इसके अंतर्गत सभी सेवा-सेतु केन्द्रों के मुख्य द्वार पर नई नाम पट्टिका लगाए जाने तथा सभी प्रदर्शित संदेशों में



फाइल फोटो

निर्धारित लोगों का उपयोग अनिवार्य किया गया है। साथ ही पोर्टल, पावती रिसीट एवं आधिकारिक पत्राचार में अब लोक सेवा केन्द्र के स्थान पर सेवा-सेतु केन्द्र शब्द का प्रयोग सुनिश्चित किया जाएगा।

सेवा-सेतु पोर्टल संचालन के लिए अधिकृत सेवा प्रदाता को अब सेवा-सेतु प्रबंधक कहा जाएगा। शासन ने विस्तारित डिजिटल सेवाओं के संबंध में स्थानीय स्तर पर व्यापक जन-जागरूकता एवं प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए हैं, ताकि अधिक से अधिक नागरिक इन सेवाओं का लाभ प्राप्त कर सकें। जिला स्तर की वेबसाइटों के माध्यम से भी प्रचार-प्रसार किए जाने को कहा गया है।

निर्देशों में यह भी उल्लेख किया गया है कि इस कार्य के लिए डीईजीएस निधि का उपयोग पूर्व में जारी निर्देशों के अधीन किया जा सकता है। सभी जिलों को 15 दिवस के भीतर की गई कार्रवाई की जानकारी एवं केन्द्रों के परिवर्तित स्वरूप के फोटोग्राफ सहित प्रतिवेदन शासन को प्रेषित करने के निर्देश दिए गए हैं।

---

शासन से आए अधिकारियों ने दिया प्रशिक्षण

# सीएम हेल्पलाइन एवं शिकायत प्रबंधन प्रणाली पर कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिला पंचायत कोरिया के मंथन सभाकक्ष बैकुंठपुर में गुरूवार को सीएम हेल्पलाइन एवं शिकायत प्रबंधन प्रणाली विषय पर एक दिवसीय जिलास्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई।

कार्यशाला में कोरिया जिले के जिला एवं विकासखंड स्तरीय अधिकारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव, सुशासन एवं अभिसरण विभाग, छग शासन से आए वरिष्ठ अधिकारी अशोक चौबे तथा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी पूरे सत्र के दौरान उपस्थित रहे। सुशासन एवं अभिसरण विभाग के वरिष्ठ अधिकारी अशोक चौबे, पवन तिवारी एवं सूर्यनारायण यादव ने अधिकारियों को सीएम हेल्पलाइन के उपयोग एवं संचालन की विस्तृत जानकारी दी। कार्यशाला का उद्देश्य आमजन से प्राप्त विभागीय शिकायतों के त्वरित, गुणवत्तापूर्ण एवं समय-सीमा के भीतर निराकरण की व्यवस्था सुनिश्चित करना रहा। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों को सीएम हेल्पलाइन योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आवश्यक तकनीकी एवं प्रशासनिक जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षकों द्वारा




शिकायत पंजीयन प्रक्रिया, पोर्टल संचालन, शिकायतों के निराकरण की कार्यवाही, समय-सीमा प्रबंधन तथा अन्य तकनीकी बिंदुओं का व्यवहारिक प्रदर्शन किया गया। साथ ही अधिकारियों की शंकाओं एवं समस्याओं का समाधान भी किया गया। शासन द्वारा शिकायत निराकरण के लिए चार स्तरों (एल-1 से एल-4) पर अधिकारियों का नामांकन पूर्व में ही किया जा चुका है। इनमें एल 1 एवं एल 2 स्तर के अधिकारी सामान्यतः विकासखंड एवं जिला स्तर से संबंधित हैं। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य मैदानी स्तर पर व्यवस्था को सुचारू, जवाबदेह एवं पारदर्शी बनाना है। इस हेल्पलाइन एवं शिकायत प्रबंधन प्रणाली का नोडल विभाग सुशासन एवं अभिसरण विभाग, छग शासन होगा। प्रशिक्षकों ने बताया कि इस हेल्पलाइन में सूचना का अधिकार, मांग संबंधी, विभागीय स्थापना संबंधी प्रकरण (पेंशन, ग्रेच्युटी एवं अनुकंपा नियुक्ति मामलों को छोड़कर) तथा केन्द्र सरकार से संबंधित प्रकरण मान्य नहीं होंगे। प्रशिक्षण में अधिकारियों को यह भी जानकारी दी गई कि आम नागरिक वेबसाइट, व्हाट्सएप अथवा सीएम हेल्पलाइन नंबर के माध्यम से अपनी शिकायत दर्ज करा सकेंगे। अधिकारियों ने बताया कि कॉल सेंटर में 24 घंटे एवं सप्ताह के सातों दिन कर्मचारी कार्यरत रहेंगे। शिकायत दर्ज कराने के लिए शिकायतकर्ता को अपना मोबाइल नंबर दर्ज कराना अनिवार्य होगा। प्रशिक्षकों ने बताया कि छग राज्य के अलावा देश के लगभग 14 राज्यों में सीएम हेल्पलाइन व्यवस्था वर्षों से संचालित है तथा छग में भी इसका शीघ्र शुभारंभ किया जाएगा, जिससे राज्य के नागरिक अपनी शिकायतें सरलता से दर्ज करा सकेंगे।

कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव ने सभी अधिकारियों से कहा कि किसी भी समस्या का त्वरित निराकरण प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। कई बार विभिन्न कारणों से शिकायतों पर समय पर कार्रवाई नहीं हो पाती, लेकिन अब समय-सीमा निर्धारित होने से आम लोगों की समस्याओं का शीघ्र समाधान संभव हो सकेगा। उन्होंने अधिकारियों से अपील की कि वे अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को भी इस संबंध में जानकारी दें तथा नियमित रूप से संबंधित पोर्टल का अवलोकन करते रहें,ताकि शिकायतों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जा सके। प्रशिक्षण कार्यशाला में अपर कलेक्टर डीडी मंडावी, संयुक्त कलेक्टर व एसडीएम सोनहत अमित गुप्ता, बैकुंठपुर एसडीएम उमेश पटेल सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय व ब्लॉक स्तरीय अधिकारी भी उपस्थित रहे।

---

सीबीएसई रिजल्ट

## विज्ञान, वाणिज्य और कला संकाय में उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

ज्ञान, अनुशासन एवं सतत परिश्रम की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाते हुए दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल ने इस वर्ष केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सीबीएसई कक्षा 12 वीं बोर्ड परीक्षा में ऐतिहासिक सफलता प्राप्त की है।



विद्यालय का विज्ञान, वाणिज्य एवं कला तीनों संकायों का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जिससे संपूर्ण विद्यालय परिवार में हर्ष और गौरव का वातावरण व्याप्त है। विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए यह सिद्ध कर दिया कि दृढ़ संकल्प, नियमित अध्ययन एवं शिक्षकों के स्नेहमयी मार्गदर्शन से सफलता की हर ऊंचाई प्राप्त की जा सकती है। कक्षा 12 वीं की छात्रा समृद्धि अग्रवाल ने अर्थशास्त्र में 98 अंक एवं कुल 94 प्रतिशत प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। इसी क्रम में अन्नपूर्णा गुप्ता 89 प्रतिशत, अपूर्व कृष्ण दुबे 88 प्रतिशत, आदि अंश लाल 76 प्रतिशत तथा विधि मिंज ने 71 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। वहीं विद्यालय की प्रतिभाशाली छात्रा संजना साहिश ने कला विषय में 100 में 100 अंक प्राप्त कर विशेष उपलब्धि अर्जित की। अपूर्व कुमार दुबे ने गणित में 98 अंक तथा आदि अंश लाल ने भौतिकी में 98 अंक प्राप्त कर विद्यालय परिसर को गौरवान्वित किया। परीक्षा परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर उल्लास, उत्साह और गर्व के भावों से गूंज उठा। यह सफलता केवल परीक्षा परिणाम नहीं, बल्कि विद्यार्थियों की वर्षों की साधना, शिक्षकों की निष्ठा एवं अभिभावकों के सहयोग का सजीव प्रतिफल है। विद्यालय की निदेशिका पूनम सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सफलता केवल अंकों की प्राप्ति नहीं होती, बल्कि वह अनुशासन, आत्मविश्वास और निरंतर प्रयास की वह यात्रा है, जो व्यक्तित्व को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाती है। हमारे विद्यार्थियों ने अपने उत्कृष्ट परिणाम से यह सिद्ध कर दिया है कि समर्पण और सकारात्मक दृष्टिकोण से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं रहता। उन्होंने कहा कि विद्यालय सदैव शैक्षणिक उत्कृष्टता के साथ-साथ नैतिक मूल्यों, संस्कारों एवं व्यक्तित्व विकास को भी समान महत्व देता आया है, यही कारण है कि यहां के विद्यार्थी प्रत्येक क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित कर रहे हैं। विद्यालय के शिक्षकों ने भी इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को हार्दिक बधाई दी तथा इसे विद्यालय की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासित वातावरण एवं शिक्षकों की कर्मनिष्ठा का प्रत्यक्ष प्रमाण बताया। विद्यालय परिवार ने आशा व्यक्त की कि विद्यार्थी भविष्य में भी सफलता के नए आयाम स्थापित करते हुए राष्टÑ एवं समाज का नाम गौरवान्वित करेंगे। यह ऐतिहासिक परिणाम आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनेगा तथा विद्यालय की शैक्षणिक गरिमा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगा।

### समृद्धि ने 94 प्रतिशत अंक हासिल कर किया टॉप



**बैकुंठपुर।** केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सीबीएसई द्वारा 12 वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। परिणामों में डीएवी पब्लिक स्कूल बरतूंगा, चिरमिरी की मेधावी छात्रा समृद्धि चावला ने कॉमर्स संकाय में 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय सहित पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। समृद्धि ने विद्यालय के साइंस एवं कॉमर्स दोनों सेक्शन में सर्वोच्च अंक हासिल कर टॉपर बनने का गौरव प्राप्त किया। इससे पहले भी वह कक्षा 10 वीं में विद्यालय की टॉपर रह चुकी हैं। उनकी इस शानदार सफलता से परिवार, विद्यालय प्रबंधन एवं क्षेत्रवासियों में हर्ष का माहौल है। समृद्धि चावला चिरमिरी के प्रतिष्ठित व्यापारी नरेश चावला एवं साक्षी चावला की पुत्री हैं। छात्रा की उपलब्धि पर विद्यालय परिवार, शिक्षकों, परिजन एवं शुभचिंतकों ने उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

---

## मनेन्द्रगढ़ स्टेशन में आज अभ्यास प्रदर्शन

**मनेन्द्रगढ़।** रेल दुर्घटना अथवा किसी भी आपातकालीन स्थिति में त्वरित एवं प्रभावी राहत-बचाव कार्य सुनिश्चित करने के उद्देश्य से दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल द्वारा समय-समय पर आपदा प्रबंधन संबंधी अभ्यास आयोजित किए जाते हैं।

इसी क्रम में 15 मई को प्रातः 10 बजे से मनेन्द्रगढ़ स्टेशन यार्ड में सवारी गाड़ियों के दुर्घटनाग्रस्त होने की काल्पनिक स्थिति पर आधारित एक व्यापक आपातकालीन राहत एवं बचाव अभ्यास मॉक ड्रिल का आयोजन किया जाएगा। इस संयुक्त अभ्यास का संचालन राष्ट्रीय आपदा मोचन बल एनडीआरएफ, मंडल संरक्षा विभाग तथा रेलवे आपदा प्रबंधन



टीम द्वारा किया जाएगा। अभ्यास के दौरान दुर्घटना की स्थिति में अपनाई जाने वाली राहत एवं बचाव प्रक्रियाओं, घायलों को सुरक्षित निकालने, प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराने तथा राहत उपकरणों के प्रभावी उपयोग का व्यावहारिक प्रदर्शन किया जाएगा।

## चिरमिरी व खड़गवां क्षेत्र का कलेक्टर ने किया दौरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

एमसीबी कलेक्टर संतन देवी जांगड़े ने चिरमिरी एवं खड़गवां क्षेत्र के विभिन्न महत्वपूर्ण स्थलों, संस्थानों एवं ग्राम पंचायतों का व्यापक दौरा कर विकास कार्यों, आधारभूत सुविधाओं तथा जनसुविधाओं की व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने, योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। दौरे की शुरूआत कलेक्टर द्वारा चिरमिरी स्थित मंगल भवन के निरीक्षण से हुई। यहां उन्होंने भवन में आयोजित होने वाले सामाजिक, सांस्कृतिक एवं सार्वजनिक आयोजनों की जानकारी लेते हुए



उपलब्ध व्यवस्थाओं की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान साउंड सिस्टम की स्थिति पर विशेष ध्यान देते हुए उन्होंने उसे शीघ्र दुरुस्त कराने के निर्देश दिए, ताकि आगामी आयोजनों में नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकें, इसके पश्चात कलेक्टर ने लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम, चिरमिरी का निरीक्षण किया। उन्होंने स्टेडियम परिसर की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए हेलीपैड क्षेत्र में आवश्यक बांस-बल्ली की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही प्रस्तावित राम कथा आयोजन की तैयारियों, सुरक्षा व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक प्रबंधों की जानकारी लेकर संबंधित अधिकारियों को आयोजन के सफल एवं सुरक्षित संचालन के लिए सभी व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

---

राजीव भवन में प्रेसवार्ता का आयोजन, बढ़ती महंगाई पर साधा निशाना

# महंगाई और ईंधन संकट को लेकर कांग्रेस का केन्द्र सरकार पर हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

शहर के राजीव भवन स्थित कांग्रेस कार्यालय में गुरूवार को आयोजित जिला स्तरीय पत्रकारवार्ता में कांग्रेस नेताओं ने बढ़ती महंगाई, डीजल-पेट्रोल संकट और रसोई गैस की कीमतों को लेकर केन्द्र सरकार पर निशाना साधा। कांग्रेस नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हालिया अपील को जनता के जख्मों पर नमक छिड़कने जैसा बताया।

कोरिया जिला प्रभारी एवं पूर्व विधायक डॉ. विनय जायसवाल ने कहा कि देश पिछले दो महीनों से डीजल-पेट्रोल और गैस संकट से जूझ रहा है, जबकि महंगाई लगातार बढ़ती जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि केन्द्र सरकार किसानों को कम उर्वरक उपयोग करने, लोगों को घर से काम करने तथा महिलाओं को गैस और तेल की खपत कम करने की सलाह देकर अपनी विफलताओं को छिपाने का प्रयास कर रही है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में



पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस, खाद्य तेल, दाल, दूध और अन्य जरूरी वस्तुओं के दामों में लगातार वृद्धि हुई है, जिससे गरीब और मध्यम वर्ग का घरेलू बजट पूरी तरह प्रभावित हो गया है। उन्होंने कहा कि गलत आर्थिक नीतियों के कारण आम लोगों की आय घटी है और परिवारों को कर्ज लेकर घर चलाना पड़ रहा है। पत्रकारवार्ता में कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि केन्द्र सरकार ने तेल एवं गैस भंडारण क्षमता बढ़ाने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया, जिसके कारण देश के कई हिस्सों में ईंधन संकट की स्थिति बनी हुई है। पत्रकारवार्ता में पूर्व विधायक श्रीमती अंबिका सिंहदेव, पीसीसी सदस्य योगेश शुक्ला, कोषाध्यक्ष अशोक जायसवाल, महामंत्री बृजवासी तिवारी, उपाध्यक्ष प्रवीर भट्टाचार्य, सुरेश सिंह, आशीष यादव, गणेश राजवाड़े, विकास श्रीवास्तव, अजय सिंह, दीपक गुप्ता, राजीव गुप्ता, सौरभ गुप्ता, संतोष गोयन, राजेश कुर्रे, विपुल शुक्ला सहित काफी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित रहे।

### पीएम की अपील पर कांग्रेस की तीखी प्रतिक्रिया



**मनेन्द्रगढ़।** देश में डीजल, पेट्रोल, रसोई गैस और बढ़ती महंगाई को लेकर जारी संकट के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देशवासियों से की गई अपील पर कांग्रेस ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। कांग्रेस नेताओं ने पत्रकारवार्ता आयोजित कर प्रधानमंत्री के बयान को आम जनता, किसानों, महिलाओं और मध्यम वर्ग की परेशानियों का मजाक बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री की अपील ने राहत देने के बजाय लोगों के जख्मों पर नमक डालने का काम किया है। पत्रकारवार्ता में कांग्रेस नेताओं ने कहा कि पिछले दो माह से देशभर में पेट्रोल-डीजल और गैस की किल्लत बनी हुई है। आम जनता पहले से महंगाई की मार झेल रही है, ऐसे समय प्रधानमंत्री द्वारा लोगों से कम उपयोग करने की अपील करना सरकार की विफलता को दर्शाता है। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव ने कहा कि केन्द्र सरकार जनता को राहत देने में पूरी तरह विफल साबित हुई है। उन्होंने कहा कि महंगाई, बेरोजगारी और इंधन संकट से देश का हर वर्ग परेशान हैं, लेकिन सरकार समाधान निकालने के बजाय लोगों को कम उपयोग करने की सलाह दे रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि किसानों को खाद नहीं मिल रहा, युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा और आम आदमी घर चलाने के लिए कर्ज लेने को मजबूर हो गया है। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि सरकार को जनता की समस्याओं का समाधान करना चाहिए न कि जिम्मेदारियों से बचने के लिए अपील जारी करनी चाहिए। पूर्व विधायक गुलाब कमरो ने कहा कि प्रधानमंत्री की अपील देश की वास्तविक परिस्थितियों से पूरी तरह अलग है। उन्होंने कहा कि छग सहित पूरे देश में लोग पेट्रोल-डीजल और गैस संकट से जूझ रहे हैं।

## फेडरेशन के पदाधिकारी मिले नई कलेक्टर से



हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

छग कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के प्रतिनिधिमंडल द्वारा जिले की नवपदस्थ कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव से सौजन्य भेंट कर प्रशासनिक संवाद की एक सकारात्मक एवं सार्थक पहल की गई। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर का पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया एवं उन्हें नवीन दायित्व के सफल निर्वहन के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की।

संपूर्ण वातावरण सौहार्द, सम्मान एवं आपसी विश्वास के भाव से परिपूर्ण रहा। भेंट के दौरान कलेक्टर श्रीमती यादव ने उपस्थित कर्मचारियों को प्रशासन का अभिन्न अंग बताते हुए उनके साथ पूर्ण सहयोग एवं समन्वय के साथ कार्य करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। उन्होंने प्रशासन एवं कर्मचारियों के मध्य सुदृढ़ संवाद तथा पारस्परिक सहयोग को सुशासन की आधारशिला बताया। इस अवसर पर फेडरेशन के संभागीय उपाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह ददा, शंकर सुमन मिश्रा, संयोजक आरएस चांदे, सुरेश एक्का, शिवलाल राजवाड़े, रामविनोद यादव, शैलेन्द्र प्रताप सिंह, समोद दुबे, अमृतांशु मिश्रा एवं राघवेन्द्र तिवारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### शासकीय महाविद्यालय में राज्य स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन

**बिश्रामपुर।** छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस के रजत जयंती वर्ष के अवसर पर शासकीय महाविद्यालय बिश्रामपुर में छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं औद्योगिक परिषद द्वारा प्रायोजित एक दिवसीय राज्य स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन प्राणीशास्त्र विभाग एवं आईक्यूएसी के तत्वावधान में हाइब्रिड मोड में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं छत्तीसगढ़ महतारी के तैलचित्र पर दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। उद्घाटन सत्र में डॉ एसके श्रीवास्तव, डॉ आशीष तिवारी, बृजलाल साहू एवं रंजीत सातपुते सहित कई प्राचार्य एवं शिक्षाविद मौजूद रहे।प्राचार्य डीपी. कोरी ने ग्रामीण पर्यटन एवं रोजगार की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। तकनीकी सत्रों में ग्रामीण पर्यटन, छत्तीसगढ़ी संस्कृति, पर्यटन सर्किट एवं आर्थिक लाभ जैसे विषयों पर विशेषज्ञों ने व्याख्यान दिए। मुख्य वक्ताओं में संदीप सोनी, डॉ अजय पाल सिंह, डॉ जितेंद्र कुमार होता एवं डॉ मोहन साहू शामिल रहे।समापन सत्र में सरगुजा संभाग उच्च शिक्षा के अपर संचालक डॉ रिजवान उल्ला ने ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने तथा शोध गतिविधियों में विद्यार्थियों की भागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### नीट पेपर लीक री-एग्जाम की मार झेल रहे छात्र

**अंबिकापुर।** नीट पेपर लीक को लेकर कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश महासचिव परवेज आलम गांधी ने कहा कि 551 शहरों और लगभग 5400 परीक्षा केंद्रों के बावजूद अगर परीक्षा सुरक्षित नहीं रह पाती, तो यह सरकार और व्यवस्था की गंभीर विफलता है। एक तरफ मोदी सरकार परीक्षा पर चर्चा का कार्यक्रम करती रही, दूसरी तरफ देश के छात्र लगातार पेपर लीक, धांधली और री-एग्जाम की मार झेलते रहे। हर साल वही कहानी दोहराई जा रही है। पेपर लीक, अव्यवस्था, भ्रष्टाचार और छात्रों का मानसिक शोषण। यह सिर्फ एक परीक्षा का रद्द होना नहीं है, बल्कि देश के करोड़ों युवाओं के भरोसे का टूटना है। केंद्र सरकार को इस पूरे मामले की निष्पक्ष और समयबद्ध जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि भविष्य में देश के युवाओं के सपनों के साथ ऐसा खिलवाड़ दोबारा न हो।

### कांग्रेस फैला रही ज्वाइनिंग की भ्रामक जानकारी : सत्यनारायण पैकरा

**ओड़गी।** ओड़गी भाजपा मंडल अध्यक्ष सत्यनारायण पैकरा ने सोशल मीडिया माध्यमों में प्रसारित वीडियो का खंडन करते हुए कहा कि ओड़गी क्षेत्र में कांग्रेस के कार्यक्रम को लेकर जो



जानकारी फैलाई जा रही है, वह पूरी तरह गलत और भ्रामक है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया के माध्यम से यह प्रचारित किया गया कि कांग्रेस के पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव की उपस्थिति में कुछ लोगों ने भाजपा छोड़कर कांग्रेस जॉइनिंग की है, जबकि यह पूरी तरह गलत है। सत्यनारायण पैकरा ने स्पष्ट किया कि जिन लोगों को कांग्रेस प्रवेश करते हुए दिखाया जा रहा है, वे भाजपा के न तो पदाधिकारी हैं और न ही सदस्य है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस तरह की गलत जानकारी सोशल मीडिया में जानबूझकर प्रसारित की जा रही है, जिसका उद्देश्य जनता को भ्रमित करना है। भाजपा नेता ने कहा कि इसमें भाजपा से किसी भी प्रकार का कोई पदाधिकारी या सक्रिय कार्यकर्ता शामिल नहीं था।

## सालों बाद भी ग्रामीणों को नहीं मिला मुआवजा

# बिलासपुर-ओड़गी मार्ग पर पुल निर्माण के लिए किया गया भूमि अधिग्रहण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैयाथान

गांव के विकास में सड़क के साथ पुल-पुलिया का निर्माण होना जरूरी है। सड़क जहां मुख्य मार्ग तक गांव को जोड़ती है वहीं पुल-पुलिया नदी नाला होने के बावजूद आवागमन को बेहतर बनाने की सुविधा उपलब्ध कराती है। गांव का चहुमुखी विकास हो इसी उद्देश्य से ब्लॉक मुख्यालय के समीप मांडर-भकुरा होते बिलासपुर-ओड़गी पहुंच मार्ग पर रेड़ नदी में लोक निर्माण विभाग अंबिकापुर उप संभाग सूरजपुर द्वारा 8 करोड़ 77 लाख की लागत से पुल का निर्माण कराया जा रहा है। निर्माणाधीन पुल अब विकास कम और विवाद का बड़ा केंद्र बनती जा रही है। पुल के अधीन आने वाले ग्रामीणों का भूमि परियोजना के लिए अधिकृत की गई लेकिन आज तक ग्रामीणों को मुआवजा राशि नहीं मिल सकी है, जबकि विभाग निर्माण कार्य को तेजी से आगे बढ़ाने में जुटा हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन और विभागीय अधिकारियों ने पहले भूमि अधिग्रहण और उचित मुआवजा देने का भरोसा दिया था, लेकिन सालों गुजर जाने के बाद भी प्रभावित परिवारों के खाते खाली हैं। ग्रामीण मोहन, कलेश्वरी और राम अवतार ने आरोप लगाया कि उनकी निजी जमीन पर बिना पूर्ण सहमति और भुगतान के निर्माण कार्य कराया जा रहा है, जिससे उनमें भारी नाराजगी है। इधर पूरे मामले में नया मोड़ तब आया जब विभाग के ही एक कर्मचारी ने नाम न छापने की शर्त पर चौंकाने वाला खुलासा किया। कर्मचारी के मुताबिक पुल का मूल डायरेक्शन बदल दिया गया है और निर्माण कार्य प्रस्तावित स्थल से हटाकर दूसरी दिशा में कराया जा रहा है। आरोप है कि विभाग ने बिना स्पष्ट तकनीकी जानकारी और बिना सार्वजनिक सूचना के पुल का एलाइनमेंट बदल दिया, जिससे कई ग्रामीणों की अतिरिक्त जमीन प्रभावित हो रही है।

**खास बात**

- अब बदल दिया पुल का रूट



निर्माणाधीन पुल।

### लोगों को नहीं मिलेगा वास्तविक लाभ

स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि पुल का निर्माण इसी बदले हुए डायरेक्शन में किया गया तो जिन ग्रामीणों के लिए यह परियोजना बनाई जा रही है, उन्हें भविष्य में इसका वास्तविक लाभ ही नहीं मिल पाएगा। ग्रामीणों ने विभाग पर मनमानी व लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि निर्माण कार्य में लगातार पारदर्शिता की कमी बनी हुई है। पहले भी निर्माण की गुणवत्ता और कार्य में देरी को लेकर सवाल उठ चुके हैं, लेकिन विभागीय अधिकारियों ने केवल जांच और कार्रवाई का आश्वासन देकर मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया।

### आंदोलन की चेतावनी

पुल निर्माण में बरती जा रही अनियमितताओं को लेकर ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है कि पूर्व में पुल निर्माण में अनियमितता सामने आ चुकी है बावजूद इसके विभाग की कार्यशैली में कोई बदलाव नजर नहीं आ रहा। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द मुआवजा वितरण और निर्माण की वास्तविक स्थिति सार्वजनिक नहीं की गई तो आंदोलन किया जाएगा।

### संज्ञान में आई है मामला

ग्रामीणों द्वारा मुआवजा राशि नहीं मिलने एवं पुल निर्माण के डायरेक्शन में बदलाव किए जाने की मामला संज्ञान में आई है। मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभाग से जानकारी प्राप्त की जाएगी। जांच उपरांत जो तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।
**-चांदनी कंवर**, एसडीएम भैयाथान

***बलरामपुर।** आमजन से प्राप्त विभिन्न विभागीय शिकायतों के त्वरित, गुणवत्तापूर्ण एवं समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किये जाने के उद्देश्य से सीएम हेल्पलाइन योजना अन्तर्गत शिकायत निराकरण हेतु नामांकित जिला एवं विकासखण्ड स्तरीय अधिकारियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन 15 मई प्रातः 11.30 बजे से 2 बजे तक संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित है।

## श्रमिक सम्मेलन में गूंजा श्रमिक सशक्तिकरण का संदेश



हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़

क्षेत्र में आयोजित जिला स्तरीय भव्य श्रमिक सम्मेलन श्रमिक कल्याण, सामाजिक सुरक्षा और श्रमिक अधिकारों के प्रति शासन की प्रतिबद्धता का सशक्त उदाहरण बनकर सामने आया। डोमनापारा स्थित गोंडवाना समाज भवन, आरटीओ कैंप के पास आयोजित इस सम्मेलन में लगभग 600 निर्माण एवं असंगठित श्रमिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त की।

कार्यक्रम में श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा, आर्थिक सहायता एवं सशक्तिकरण से जोड़ने पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर किया गया। सम्मेलन में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने श्रमिक वर्ग को राष्ट निर्माण, समाज विकास और आर्थिक प्रगति की आधारशिला बताते हुए कहा कि श्रमिकों के श्रम और योगदान के बिना विकास की कल्पना अधूरी है। उन्होंने कहा कि शासन श्रमिकों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने, सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने एवं उनके परिवारों के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए निरंतर अनेक योजनाएं संचालित कर रहा है। सांसद प्रतिनिधि ओमप्रकाश गुप्ता ने कहा कि यह सम्मेलन केवल औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि श्रमिक भाइयों-बहनों को शासन की योजनाओं, अधिकारों और सुविधाओं से जोड़ने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कहा कि श्रमिकों को स्वास्थ्य सुरक्षा, आर्थिक सहयोग, शिक्षा सहायता, पेंशन एवं सामाजिक सुरक्षा उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार अनेक महत्वपूर्ण योजनाएं संचालित कर रही है। उन्होंने श्रमिकों से अपील की कि वे श्रम विभाग में अपना पंजीयन कराकर योजनाओं का अधिकतम लाभ लें, क्योंकि श्रमिक वर्ग के सशक्त होने से समाज और राष्ट दोनों मजबूत बनते हैं। सम्मेलन के दौरान विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को सहायता राशि के चेक वितरित कर उन्हें आर्थिक संबल प्रदान किया गया। मुख्यमंत्री मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना के तहत राम सिंह को 1 लाख रूपए, मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना के अंतर्गत मालती सिंह को 20 हजार रूपए, मुख्यमंत्री सियान सहायता योजना के तहत कतर सिंह को 20 हजार रूपए, मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी शिक्षा योजना के अंतर्गत नरेन्द्र परस्ते को 45 हजार रूपए तथा मिनीमाता महतारी जतन योजना के तहत मंगली बाई को 20 हजार रूपए की सहायता राशि प्रदान की गई।

## 14 वर्षों के लंबे संघर्ष के बाद सेवानिवृत्त कोल कर्मी को मिला न्याय, अनशन स्थगित

- सेवानिवृत कोल कर्मी की एरियर पेमेंट का भुगतान कर मासिक पेंशन बहाल की गई, बैंक डाटा माइग्रेट नहीं होने के कारण रुक गई थी पेंशन

**बिश्रामपुर।** संयुक्त कोयला मजदूर संघ (एटक) के नेतृत्व में लड़ी गई एक लंबी कानूनी और संगठनात्मक लड़ाई का सुखद नतीजा निकला,रेहर भूमिगत खदान के सेवानिवृत्त कर्मचारी श्री सुबरन राम, जिनकी पेंशन पिछले 14 वर्षों से रुकी हुई थी, उन्हें विभाग द्वारा न्याय प्रदान कर दिया गया है। गौरतलब है कि कोल कर्मी सुबरन राम सितम्बर 2011 को सेवानिवृत्त हुए थे, लेकिन मार्च 2012 के बाद से उनकी पेंशन अचानक बंद कर दी गई थी। इस मुद्दे को लेकर एटक संघ ने कड़ा रुख अख्तियार किया था। कर्मचारी द्वारा सपरिवार 14 मई 2026 से महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष प्रस्तावित 'आमरण अनशन' की सूचना देने के बाद प्रबंधन और विभाग ने त्वरित कार्रवाई की।

सीएमपीएफ जबलपुर द्वारा 12 मई 2026 को पेंशन डेटा का माइग्रेशन और सेटलमेंट पूर्ण कर पूर्व कोल कर्मी सुबरन राम के खाते में 7,34,784/- रुपये की एरियर राशि का भुगतान कर दिया गया एवं उनकी मासिक पेंशन 5,696/- रुपये तत्काल प्रभाव से बहाल कर दी गई है।10 मई को सहायक आयुक्त सीएमपीएफ जबलपुर ने महाप्रबंधक बिश्रामपुर को पत्र लिखकर सेवानिवृत्त कोल कर्मी के बैंक डाटा माइग्रेट नहीं होने के कारण से पेंशन रुक जाने की जानकारी दी थी, तत्पश्चात त्रुटि का सुधार करते हुए मामले का निराकरण किया गया, प्राप्त जानकारी अनुसार पूर्व में

विभाग एवं एसईसीएल प्रबंधन की इस सकारात्मक पहल और न्यायोचित कार्रवाई को देखते हुए सुबरन राम ने अपने प्रस्तावित 'आमरण अनशन' को तत्काल प्रभाव से स्थगित कर दिया है। उन्होंने इसके लिए अनुविभागीय दंडाधिकारी सूरजपुर को लिखित आभार पत्र प्रेषित किया है। संघ के क्षेत्रीय सचिव श्री पंकज कुमार गर्ग ने इस उपलब्धि को मजदूर एकता और निरंतर संघर्ष की जीत बताया है।

## 20 मई को दवा दुकानें रहेंगी बंद, सरगुजा औषधि विक्रेता संघ ने सौंपा ज्ञापन

**अम्बिकापुर।** सरगुजा औषधि विक्रेता संघ द्वारा 20 मई को प्रस्तावित राष्ट्रव्यापी दवा व्यापार बंद के संबंध में कलेक्टर अजित बसंत, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन इकाई के अध्यक्ष डॉ. अजय तिर्की तथा खाद्य एवं औषधि प्रशासन के एडीसी किशोर ठाकुर की अनुपस्थिति में ड्रग इंस्पेक्टर अनिल पैकरा एवं अमरेश तिर्की को ज्ञापन सौंपा। संघ के अध्यक्ष अमित अग्रवाल ने बताया कि यह बंद ऑल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट के आह्वान पर किया जा रहा है। यह संगठन देशभर के 12.50 लाख से अधिक दवा विक्रेताओं एवं वितरकों का प्रतिनिधित्व करता है। संघ के उपाध्यक्ष नरेंद्र कुमार विश्वकर्मा ने सभी होलसेलर एवं रिटेलर केमिस्ट, प्रशासन तथा समाज के लोगों से 20 मई के बंद को समर्थन देने कहा है। ज्ञापन में अवैध ई-फार्मेसी संचालन पर रोक लगाने, बड़े कॉर्पोरेट समूहों द्वारा अत्यधिक छूट आधारित दवा बिक्री पर नियंत्रण करने तथा कोविड-19 काल में जारी अधिसूचना क्रमांक 220 को वापस लेने की मांग की गई है। इस दौरान संघ के सचिव अजय पाठक, कोषाध्यक्ष प्रकाश श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष नरेंद्र भानु विश्वकर्मा, सुमित अग्रवाल, लोकेश सोनी, विक्की मुस्तफा रजा खान सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।



## तेज आंधी और बारिश से दर्जनो गांवो में जनजीवन प्रभावित



**डांड़गांव।** विकास खंड उदयपुर के गुमगा, डाँड़ गांव, परसा, साल्हि,बासेन, घाटबर्रा सहित दर्जनों गांवों में दोपहर बाद करीब 4बजे अचानक बिजली चमक के साथ काफी तेज तूफान एवं बारिश होने के कारण जनजीवन प्रभावित हो गया है। क्षेत्र के कई गांव में रास्ते में बड़े बड़े पेड़ तेज हवा के कारण उखड़ कर गिर गए। जबकि कुछ स्थानों में पेड़ व विद्युत पोल मकान पर गिरने से मकान का कुछ हिस्सा क्षति ग्रस्त हो गए। लगभग आधे घंटे से भी अधिक देर तक तेज आंधी तूफान से लोग सहम गए। इधर परसा ,साल्हि कोटरबुड़ा गुमगा मार्ग पर पेड़ गिरने के कारण आवागमन बाधित हुआ है। इधर इस बार ग्रामीण क्षेत्रों में आम का बंफर उत्पादन हुआ था लेकिन तेज तूफान के कारण पूरी तरह से चौपट हो गया है। इसके अलावा सब्जी के फसलों को भी नुकसान पहुंचा है। तेज तूफान के कारण जगह जगह तार एवं बिजली खम्भे में पेड़ गिरने के कारण दर्जनों गांवों में पूरी तरह से अंधेरा छाया हुआ है।जिससे लोग परेशान हैं।बिजली विभाग सुधार कार्य में लगा है।

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार अम्बिकापुर-2 जिला-सरगुजा (छ.ग.)**
रा.प्र.क्र. 202604021700012/ब-121/2025-26

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक समीर मण्डल आ. सतीशचन्द्र मण्डल, निवासी ग्राम डिगमा, तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.) द्वारा अपने स्वामित्व की ग्राम नेहरूनगर स्थित भूमि खसरा नंबर 284/2 रकबा 0.560 हे. में से 0.300 हे. भूमि अन्यत्र भूमि क्रय करने हेतु रूपयों की आवश्यकता होने के कारण अनावेदिका आकांक्षा सिंह आ. कृष्ण मोहन सिंह, निवासी सत्तीपारा अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.) को रू. 15,00,000/- (पन्द्रह लाख रूपये) में विक्रय करने की अनुमति हेतु आवेदन पत्र कलेक्टर महोदय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। जो जांच प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 12/06/2026 से पूर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 13/05/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन पदमुद्रा से जारी।

**अतिरिक्त तहसीलदार,**
**अम्बिकापुर-02**

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार अम्बिकापुर-2 जिला-सरगुजा (छ.ग.)**
रा.प्र.क्र. 202604021700013/ब-121/2025-26

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक आनंद मण्डल आ. सतीशचन्द्र मण्डल, निवासी ग्राम डिगमा, तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.) द्वारा अपने स्वामित्व की ग्राम नेहरूनगर स्थित भूमि खसरा नंबर 284/3 रकबा 0.560 हे. में से 0.340 हे. भूमि अन्यत्र भूमि क्रय करने हेतु रूपयों की आवश्यकता होने के कारण अनावेदिका आकांक्षा सिंह आ. कृष्ण मोहन सिंह, निवासी सत्तीपारा अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.) को रू. 15,00,000/- (पन्द्रह लाख रूपये) में विक्रय करने की अनुमति हेतु आवेदन पत्र कलेक्टर महोदय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। जो जांच प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 12/06/2026 से पूर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 13/05/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन पदमुद्रा से जारी।

**अतिरिक्त तहसीलदार,**
**अम्बिकापुर-02**

**न्यायालय नायब तहसीलदार दरिमा, सरगुजा (छ.ग.)**
रा.प्र.क्र. / /ब-121/24-25-26

**-: ईश्तहार :-**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदिका श्रीमति तरकिला पति नन्दकिशोर निवासी बरटिकरा के द्वारा मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1989 के धारा 13 (3) एवं छ.ग. मृत्यु रजि. नियम 2001 के नियम 09 (3) के अन्तर्गत अपने पति नन्दकिशोर पिता स्व. रामरूच भुतवार का मृत्यु 12/08/2017 को ग्राम बरटिकरा में होना बतलाते हुये उनके मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदाय बाबत आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से जारी दिनांक से 15 दिवस के भीतर इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 30/04/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

**ना. तहसीलदार**
**दरिमा**
**सरगुजा (छ.ग.)**

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी बरियों जिला बलरामपुर रा.गंज छ.ग.**
रा.मा.क्र.- /ब-121/2025-26
ग्राम- ककना प.ह.नं.- उप तह. बरियों

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा आम जनता ग्राम ककना प.ह.नं.- उप तहसील बरियों जिला बलरामपुर रा.गंज को सूचित किया जाता है कि आवेदक नन्दकुमार पैकरा आ. गनपत जाति कंवर निवासी ग्राम ककना तहसील राजपुर जिला बलरामपुर रामानुजगंज द्वारा स्वयं के दादा इन्दल आ. श्रीनाथ का मृत्यु दिनांक 04.03.1987 को ग्राम ककना घर में हुई है। किन्तु जन्म मृत्यु पंजीयन कार्यालय में नियत समय में अज्ञानता वश कार्य व्यस्तता के कारण पंजीयन नहीं करा पाने के कारण पंजीयन हेतु आवेदन पत्र, शपथ पत्र पेश।

उपरोक्त जन्म / मृत्यु प्रमाण पत्र में उज्जर आपत्ति या दावा हो या हितबद्ध पक्षकार हो तो वह स्वयं, अथवा वैध अभिकर्ता अथवा अभिभाषक के दिनांक-29/05/2026 को न्यायालयीन समय में दावा या आपत्ति हो तो पेश कर सकता है। नियत तिथि पश्चात प्राप्त दावा या आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

अतः आज दिनांक-12/05/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन मुहर से जारी किया गया।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**बरियों**
**जिला-बलरामपुर-रा गजां (छ.ग.)**

सरगुजा मार्केट

डॉ विकास अग्रवाल
Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
दिनांक - 23 मई 2026, शनिवार, समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ भाविक शाह
पेट और आंत रोग विशेषज्ञ
हर महीने के (चौथा रविवार)
डॉ संजय अग्रवाल
पेट और आंत रोग विशेषज्ञ
हर महीने के (दूसरा रविवार)
डॉ अमित मुखर्जी
स्पाइन और ब्रेन सर्जरी
हर महीने के चौथे रविवार
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका, अम्बिकापुर (जिला-सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

आप परेशान क्यों हैं ?
वारसी शिफा
खाना रूहानी जड़ी-बूटी द्वारा ईलाज
अगर दवा काम नहीं करती तो आज ही मिलिए हकीमुल्क जनाब वारसी साहब के साहबजादे से अपने वालिद से 35 वर्षों का अनुभव प्राप्त कर कई सालों से सेवा देते आ रहे है अनेक बे औलादों को औलाद प्राप्त हुई किसी भी साया का बुरा असर भुत-प्रेत, पति-पत्नी के झगड़े, मोहब्बत, दिमागी परेशानी, कारोबार में बरकत के लिए, गर्भ न ठहरना, नामर्दगी, रूहानी एवं जड़ी-बूटी द्वारा
बीमारीयों से छुटकारा पाने के लिए मिलिए।
परामर्श शुल्क मात्र 500 रु.
मिलने का समयः- सुबह 09 बजे से 5 बजे तक
पता - वारसी मंजिल, महामाया प्रवेश द्वार, शहीद अब्दुल हमीद चौक वारसी नगर रिंग रोड अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.)
मो. 9753266386

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ.अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर की झुनझुनी एवं कमजोरी, टी.बी., ब्रेन एवं स्पाईन की बीमारी के उपचार के लिए
दिनांक - 24 मई 2026, दिन - रविवार
नोट- डॉक्टर चौथे रविवार को उपलब्ध रहेंगे
सम्पर्क विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग. मो :- 7587722255

डॉ. दीपा सिंह
M.B.B.S, DNB,
(Neuro Surgeon & Spine Surgeon)
पूर्व अपोलो अस्पताल, चेन्नई
न्यूरों (नसों) से संबंधित सभी बीमारियों के लिए
दिनाँक - 16 मई, 2026
दिन - शनिवार सुबह 11 बजे से 4 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

गुप्त रोग
का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

THE LOTUS CONSULTANCY
JABALPUR
INVITES YOU ALL FOR 2026-27
LOW PACKAGE/MERIT / MANAGEMENT/NRI
MBBS | BDS | MS | MD | BE | B.TECH
ADMISSION STARTED
·COLLEGES COUNSELLING
·DEEMED COLLEGE
·COUNSELLING
·STATE PVT./ GOVT. COLLEGES
·FORM FILLUP ASSISTANCE
·LOW PACKAGE
CG, MP, UP, BIHAR, KARNATAKA CHENNAI MAHARASHTRA, DELHI, HARYANA, UTTARAKHAND, etc..
100% Admission Assistance
Available On Sunday in Ambikapur
CALL FOR PERSONAL GUIDANCE
ANU SHARMA 9109920477

TOP IN SURGUJA

क्या आप भी परेशान हैं इन सब से ?
· फ्रैक्चर का आपातकालीन एवं सर्जिकल ईलाज
· उठने बैठने में तकलीफ
· जमीन पर बैठने में दिक्कत होना
· घुटनों में सूजन होना
· कंधे की ताकत कम होना
· कूल्हा एवं घुटना जोड़ प्रत्यारोपण
· सुबह जोड़ों में अकड़न होना
· चलने फिरने में दर्द
गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL
CREATING HEALTHY TOMORROW
CGHS से मान्यता प्राप्त
कम खर्चे में ईलाज सर्वसुविधा युक्त के साथ ईलाज
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
| 9424250281 | 8120906000 | 8120809000 |
सरगुजा संभाग के एकमात्र joint रिप्लेसमेंट सर्जन अब आपके शहर अम्बिकापुर के गायत्री हॉस्पिटल मे
डॉ. हरप्रीत सिंह छाबड़ा
MBBS, MS Ortho, FIJR
Lilavati Hospital Mumbai
Orthopedic trauma And Joint Replacement Surgeon
सुबह 11.00 बजे से 3.00 बजे तक
शाम 6.00 बजे से 8.00 बजे तक

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोडों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

**खबर संक्षेप**



## बेल्ट एग्जाम में सफल खिलाड़ियों का सम्मान

**रामानुजगंज।** नगर में 24, 25 एवं 26 अप्रैल को आयोजित मार्शल आर्ट कराटे बेल्ट एग्जाम में सफल खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विजयनगर चौकी प्रभारी अश्विनी सिंह ने खिलाड़ियों को सर्टिफिकेट एवं बेल्ट प्रदान किए, वहीं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले टॉपर्स खिलाड़ियों को विशेष पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। साथ ही अप्रैल माह में सर्वाधिक उपस्थिति दर्ज करने वाले 10 खिलाड़ियों तथा अनुशासन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 5 खिलाड़ियों को भी प्रमाण पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया। मुख्य प्रशिक्षक शिहान तरुण शर्मा ने बताया कि बेल्ट परीक्षा में खिलाड़ियों की लिखित, मौखिक, प्रैक्टिकल, फिजिकल एवं अनुशासन के आधार पर परीक्षा ली गई। कुल 500 अंकों की परीक्षा में प्रत्येक विषय में न्यूनतम योग्यता प्राप्त करना अनिवार्य था। खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए इस बार शत प्रतिशत सफलता हासिल की। मुख्य प्रशिक्षक ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 16 एवं 17 मई को हरिद्वार में आयोजित राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता के लिए 6 खिलाड़ियों का चयन किया गया है। चयनित खिलाड़ियों में राधा रानी शर्मा, महिमा सिंह सिदार, कुमारी मुस्कान, कुमारी आराध्या, अंश कुमार एवं कृष्ण कुमार विश्वकर्मा शामिल हैं।

## वीएम कॉलेज में नर्सेस डे पर फ्लोरेन्स नाइटेंगल को किया गया याद



**बिश्रामपुर।** नर्सेस दिवस के अवसर पर नर्सिंग सेवा की संस्थापक फ्लोरेंस नाइटेंगल को याद करते वीएम कालेज ऑफ नर्सिंग बिश्रामपुर में कार्यक्रम किया गया। मुख्य अतिथि वीएम कालेज ऑफ नर्सिंग के डायरेक्टर विजयराज अग्रवाल ने कहा कि नर्सिंग का क्षेत्र त्याग, तपस्या और बलिदान का क्षेत्र है। उन्होंने कहा कि नर्स बनने का उद्देश्य केवल सेवा होनी चाहिए, आज के समय में नर्स बनने के लिए सर्वसुविधायुक्त कालेज भवन, उपकरण, लैब, अच्छी क्लीनिकल सुविधा सब कुछ उपलब्ध है। फ्लोरेंस नाइटेंगल के समय में उक्त सुविधाएं नहीं थी, लेकिन उनके द्वारा किए गए सेवा कार्य को आज भी पूरे आदर व सम्मान के साथ पूरे विश्व में याद कर उन्हें स्मरण करने ही नर्सेस दिवस मनाया जाता है। दो दिवसीय कार्यक्रम में प्रथम दिवस विद्यार्थियों के चार ग्रुप में क्विज प्रतियोगिता, उपकरण पहचानो प्रतियोगिता एवं दवाइयों की पहचान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। द्वितीय दिवस में नर्सेस डे की थीम एवं नर्सिंग पेशे के महत्व का परिचय बताया गया। नर्सिंग सेवा की संस्थापक फ्लोरेंस नाइटेंगल को याद करते हुए केक कटिंग भी किया गया। सिमुलेशन ऑन डिजास्टर ट्रायेज सिस्टम, संचार कौशल प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। प्राकृतिक आपदा के समय जो चिकित्सा पद्धति अपनायी जाती है, नर्सिंग विद्यार्थियों के द्वारा उसका चित्रण किया गया। कार्यक्रम में सभी विजेता प्रतिभागियों को पुरुस्कृत भी किया गया। वीएम कालेज ऑफ नर्सिंग के प्रभारी प्राचार्य संतोष सिंह ने नर्सिंग कालेज के नर्सिंग स्टाफ हेतु जो नए नियम निर्धारित किए गए हैं, उनके विषय में स्टूडेन्ट्स को बताया। कार्यक्रम में मंच संचालन प्राध्यापिका उमा टण्डन और रिंकी राजवाड़े ने किया।

## सुशासन शिविर में ग्रामीणों ने बताई पेयजल की समस्या

**राजपुर।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा नल जल योजना के नाम पर करोड़ों रुपये खर्च किए जाने के बावजूद ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता अब भी बड़ी समस्या बनी हुई है। क्षेत्र के कई गांवों में योजना के तहत पाइपलाइन विस्तार, पानी टंकी निर्माण और स्टैंड पोस्ट तो बना दिए गए, लेकिन नियमित संचालन और रख रखाव के अभाव में अधिकांश योजनाएं केवल शोपीस बनकर रह गई है। ग्रामीणों और पंचायत प्रतिनिधियों का आरोप है कि विभागीय कर्मचारी निर्माण कार्य पूरा होने के बाद गांवों की ओर दोबारा झांकने तक नहीं आते। इसके कारण कई स्थानों पर हैंडपंप खराब पड़े हैं और उनकी मरम्मत कार्य लंबे समय से बंद है। ग्रामीणों को मजबूरी में दूर-दराज के स्त्रोतों से पेयजल लाना पड़ रहा है। पंचायत प्रतिनिधियों का कहना है कि लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी-कर्मचारी अब जमीनी हकीकत से दूर होकर केवल शासन द्वारा आयोजित संवाद से संपूर्ण समाधान सुशासन शिविर में ही सक्रिय दिखाई देते हैं, जबकि गांवों में पेयजल संकट लगातार गहराता जा रहा है। ग्रामीणों ने मांग की है कि विभाग गांव-गांव जाकर बंद पड़ी नल जल योजनाओं और खराब हैंडपंपों की तत्काल जांच कर मरम्मत कार्य शुरू कराए ताकि लोगों को गर्मी के मौसम में पेयजल संकट से राहत मिल सके। सुशासन शिविर में विभागीय जानकारी देते हुए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की उप अभियंता मंजू खलखो ने बताया कि राजपुर जनपद क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों में कुल 1996 हैंडपंप स्थापित है। हालांकि जब इन हैंडपंपों की वर्तमान स्थिति, बंद पड़े हैंडपंपों की संख्या और मरम्मत कार्य के संबंध में जानकारी मांगी गई तो उप अभियंता जवाब देने में असहज नजर आई। ग्रामीणों का कहना है कि यदि विभाग के पास ही हैंडपंपों की वास्तविक स्थिति का स्पष्ट आंकड़ा उपलब्ध नहीं है, तो ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था का प्रभावी संचालन कैसे संभव हो पाएगा।

### डेढ़ किमी दूर स्थित ढोढ़ी का पानी पीना बनी मजबूरी

# गर्मी में भीषण जल संकट से जूझ रहे ग्राम जमोनी के पहाड़ी कोरवा परिवार



पानी ले जाती महिलाएं।



जमे हुए पानी में बर्तन धोती बच्ची।

हरिभूमि न्यूज ⏭ धौरपुर

ग्राम पंचायत बबौली अंतर्गत ग्राम जमोनी में निवारत पहाड़ी कोरवा समुदाय के लोग लम्बे समय से भीषण जल संकट से जूझ रहे हैं। गांव में पेयजल का वैकिल्पक व्यवस्था नहीं होने के कारण पहाड़ी कोरवा परिवारों को डेढ़ किमी दूर ढोढ़ी से पानी लाना पड़ता है।

**खास बात**
- एक साल से बंद पड़े हैण्डपंप की मरम्मत कराने नहीं हुई पहल

बेहद पिछड़े एवं संरक्षित जनजाति पहाड़ी कोरवा एवं पण्डो जनजाति पिरवारों के जीवन को आसान बनाने शासन द्वारा कई महत्वाकांक्षी योजनाएं संचालित की जा रही हैं लेकिन क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की लापरवाही के कारण ये विकास योजनाएं अभी तक जरूरतमंद ग्रामीणों तक नहीं पहुंच पायी है। यहां तक कि पहाड़ कोरवा बस्तियों में अभी तक स्वच्छ पेयजल भी उपलब्ध नहीं हो सका है। ग्राम जमोनी में पहाड़ी कोरवा समुदाय की आबादी 200 से अधिक है। ग्रामीणों की सुविधा के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा बस्ती से कुछ दूरी पर हैण्डपंप का खनन कराया गया था लेकिन पिछले एक साल से हैण्डपंप बंद पड़ा है। ग्रामीणों ने स्थिति से पंचायत प्रतिनिधियों को अवगत कराया लेकिन किसी ने इस बड़ी समस्या पर ध्यान नहीं दिया। मजबूरी में ग्रामीण बस्ती से डेढ़ किमी दूर स्थित ढोढी का पानी पी रहे हैं। गर्मी में पानी की जरूरत बढ़ने के कारण परिवार के सदस्यों को पूरे दिन ढोढ़ी का पानी ढोना पड़ता है। ढोढ़ी की दूरी अधिक होने के कारण हर परिवार के एक-दो सदस्य पूरे दिन पानी की व्यवस्था में व्यस्त रहते हैं। जल स्त्रोत की साफ-सफाई को लेकर ग्रामीणों में जागरूकता की भारी कमी है। बरसात के दिनों में जल स्त्रोत का गंदा पानी पीने के कारण जल जनित बीमारियों के फैलने का भी खतरा बना रहता है, लेकिन आसपास में पानी की व्यवस्था नहीं होने के कारण ढोढ़ी का पानी पीने के अतिरिक्त ग्रामीणों के पास कोई दूसरा विकल्प भी नहीं है। शासन द्वारा जल जीवन मिशन के तहत गांव-गांव में शुद्ध पेय जल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पानी टंकी का निर्माण कराने के साथ ही गली-गली पाइप लाइन का विस्तार करा रही है। ग्राम जमोनी तक अभी जल जीवन मिशन योजना नहीं पहुंची है। ग्रामीणों के शासन द्वारा लगाए गए हैण्डपंप के पास ही एक ग्रामीण ने खेतों की सिंचाई के लिए ट्यूबवेल खनन कराया है। ट्यूबवेल से पर्याप्त पानी निकल रहा है जबकि पंचायत प्रतिनिधि हैण्डपंप बंद होने के पीछे भूगर्भ में पानी उपलब्ध नहीं होने को कारण बता रहे हैं तथा बंद हैण्डपंप की मरम्मत कराने कोई पहल नहीं कर रहे हैं।

इस संबंध में ग्राम पंचायत बबौली के सरपंच रामनिवास टेकाम ने बताया कि मुझे हैण्डपंप खराब होने की जानकारी थी। तत्काल इसकी मरम्मत कराता हूं।

### टैंक स्टैण्ड बना शो-पीस

पीएचई द्वारा पहाड़ी कोरवा परिवारों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने जल जीवन मिशन के तहत दो वर्ष पूर्व बस्ती में लोहे का टैंक स्टैण्ड स्थापित किया गया है। अभी बस्ती के घरों तक पाइप लाइन का विस्तार नहीं किया जा सका है। कुछ स्थानों पर पानी आपूर्ति के लिए पाइप लाइन बिछाई गई है। शेष पाइप खुले में बिखरे पड़े हैं। ठेकेदार द्वारा अभी तक ट्यूबवेल का भी खनन नहीं कराया गया है न ही प्लास्टिक टंकी की ही व्यवस्था की गई है। दो साल पूर्व ही योजना का आधा-अधूरा काम करने के बाद निर्माण बंद कर दिया है। स्थिति को देखते हुए मिशन के अधूरे कार्यों को पूरा होने में वर्षों का समय लगने की संभावना जताई जा रही है।

#### अन्य बस्तियों में भी पेयजल संकट

विकासखण्ड लुण्ड्रा अंतर्गत ग्राम सरई पानी, जय सेमर, रघुपुर, बकराताल, जोरी, आमापारा, सपड़ा-भेड़िया आदि पहाड़ी कोरवा बाहुल गांव हैं। विकासखण्ड के अन्य गांवों में निवासरत पहाड़ी कोरवा समुदाय के लोग भी भीषण गर्मी में पेयजल संकट से जूझ रहे हैं। इन बस्तियों में हैण्डपंप की व्यवस्था नहीं होने के कारण समुदाय के लोग पेयजल एवं निस्तार के लिए ढोढ़ी के पानी पर निर्भर हैं। कहीं हैण्डपंप है भी तो मरम्मत के अभाव में उपयोगहीन पड़ा है।

#### नल-जल योजना का बुरा हाल

विकासखण्ड में जल-जीवन मिशन का बुरा हाल है तथा अधिकांश गांवों में योजना का निर्माण दो वर्षों से अधूरा पड़ा है। कहीं टंकी निर्माण अधूरा है तो कहीं पाइप लाइन का विस्तार नहीं कराया जा सका है। अधिकांश गांवों में पेयजल का स्रोत ही उपलब्ध नहीं है। विकासखण्ड मुख्यालय धौरपुर, कुदर, डूमरडीह में योजना को चालू कर दिया गया है लेकिन कई मुहल्ले, पारा में अभी पानी नहीं पहुंच रहा है। इस संबंध में ग्रामीणों ने पूर्व में जनसमस्या निवारण शिविरों में आवेदन भी दिया था लेकिन अभी तक समस्या का निराकरण नहीं किया गया है।

#### ठेकेदार नहीं ले रहे रूचि

ठेकेदार का भुगतान लंबित होने के कारण ठेकेदार अपूर्ण कार्यों को पूरा करने में रूचि नहीं ले रहे हैं। इस संबंध में विभाग द्वारा लगातार पहल की जा रही है।

-मुकेश गुप्ता, सहायक यंत्री, पीएचई



## दर्जनों गांवों के लोगों को आवागमन के लिए मिलेगी बेहतर सुविधा : राजेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ डांड़गांव

विकास खंड उदयपुर में आवागमन हेतु मंत्री राजेश अग्रवाल की पहल पर ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को बेहतर आवागमन के लिए 1464.06 करोड़ रुपये के लागत से बनने वाले चार प्रधानमंत्री सड़क की सुकृति मिलने एवं कार्य प्रारंभ होने से ग्रामीणों में हर्ष व्याप्त है। लम्बे समय से ग्रामीणों द्वारा सड़क निर्माण सुकृति कि मांग करते आ रहे थे। जिस कारण पीडब्ल्यूडी सड़क से शंकरपुर ,खास पारा, मोर्मी पारा लागत 671.99लाख रुपये, खरसुरा मार्ग से फुलचुहि मार्ग लागत 343.96लाख रुपये, देवटीकरा रकेली से देवगढ़ देवटीकरा खास पारा लागत 220.95लाख रुपये, रिखी से करोधी खुटरा पारा मार्ग 227.16लाख रुपये कुल 14करोड 64 लाख रुपये की सुकृति प्रदान की गई है। जो उदयुपर विकास खंड के लिए बड़ी सौगात मानी जा रही है। स्थानिय विधायक एवं केबिनेट मंत्री द्वारा भूमि पूजन किया गया। मंत्री राजेश अग्रवाल ने कहा कि लम्बे समय से इस सुदूर ग्रामीण अंचल के लोगों को सड़क निर्माण की मांग की जा रही थी। ग्रामीणों की मांग पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने स्वीकृति प्रदान की है। सरकार की प्राथमिकता है कि की सुदूर अंचल के लोगों को बेहतर आवागमन की सुविधाएं उपलब्ध कराना ।आवागमन के सुविधा उपलब्ध होने से ग्रामीण क्षेत्र का तेजी से विकास शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, आर्थिक विकास की आधार होती है। उन्होंने कहा है कि सुदूर ग्रामीण अंचलों तक सड़क नेटवर्क पहुचने से किसानों, विद्यार्थियों, मरीजों को बड़ी राहत मिलेगी और स्थानिय अर्थव्यवस्था को नई गति प्रदान होगी। इसके अलावा विधानसभा के अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में भी आने वाले दिनों में सड़कों की सुकृति प्रदान की जाएगी। इस दौरान इस राकेश अग्रवाल, अखण्ड विधायक सिंह, प्रबोध सिंह, विजय यादव, रेवती यादव, अनिमा सिंह, विनोद सिंह, राम सिंह, बांटेश्वर यादव, भगवान यादव, टेक राम यादव, संकुतला कंवर, शिव भजन मरावी, कमलेश जायसवाल, बबलू जायसवाल, विनोद सिंह नेटी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

- 1464 .06 करोड़ रुपये के लागत से बनने वाली चार सड़को का मंत्री ने किया भूमि पूजन

#### बारिश के दिनों में दर्जनों गांवों के लोगों को होती थी दिक्कत

इन चार महत्वपूर्ण सड़को से दर्जनों गांवों के लोगों का आवागमन होता था। जहां सड़को पर बड़े बड़े गड्ढे बन जाने तथा बारिस के दिनों में पानी भर जाने से लोगो को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वर्षो से ग्रामीण क्षेत्रों के लोग इन सड़कों को बनाने की मांग करते आ रहे थे। अब मंत्री की पहल पर ग्रामीणों की वर्षो पुरानी मांग पुरी हुई। जो ग्रामीण क्षेत्रों के लिए एक वरदान माना जा रहा है। सड़क बनने के बाद दर्जनों गांव के लोग को आवागमन की सुविधा का लाभ मिलेगा।

## डीएवी स्कूल के विद्यार्थियों का 12 वीं बोर्ड परीक्षा में सामान्य प्रदर्शन

**बिश्रामपुर।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड नई दिल्ली द्वारा कक्षा बारहवीं बोर्ड परीक्षा 2026 का परीक्षा परिणाम 13 मई को घोषित किया गया है, डीएवी पब्लिक स्कूल बिश्रामपुर का बारहवीं बोर्ड परीक्षा परिणाम इस बार सामान्य रहा है। विद्यालय के कुल 95 विद्यार्थी 12 वीं बोर्ड परीक्षा में शामिल हुए,जिसमें मात्र 3 विद्यार्थी ही 90 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित कर पाए हैं, इसमें भी गणित और वाणिज्य संकाय से एक भी विद्यार्थी का नाम 90 प्रतिशत सूची में नाम शामिल नहीं हो पाया है जो कि स्कुल की प्रतिष्ठा के अनुरूप नहीं है, इसके साथ ही 27 विद्यार्थियों ने 80 से 89 प्रतिशत के मध्य, 38 विद्यार्थियों ने 70 से 79 प्रतिशत के मध्य अंक और 17 विद्यार्थियों ने 60 से 69 प्रतिशत के मध्य अंक अर्जित किया है। विद्यालय स्तर पर मान्यता जायसवाल विज्ञान संकाय ने 97 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रथम,अंशुमान विशाल कला संकाय ने 95.2 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय और पीयूष अग्रवाल विज्ञान संकाय 91.6 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान अर्जित कर विद्यालय को गौरवान्वित किया,संकाय स्तर पर विज्ञान संकाय बायोलॉजी से मान्यता जायसवाल 97 प्रतिशत अंक प्रथम, पीयूष अग्रवाल 91.6 प्रतिशत अंक द्वितीय तथा जायना नसीम 87.6 प्रतिशत अंक ने तृतीय स्थान हासिल किया। विज्ञान संकाय, गणित से रुद्रप्रताप सिंह 89.6 प्रतिशत अंक प्रथम, रितिका बिजी 89.2 प्रतिशत अंक द्वितीय और अनुष्का सुनील 89 प्रतिशत अंक तृतीय, वाणिज्य संकाय से मैथिली मिश्रा 89.4 प्रतिशत अंक प्रथम, कृष कुमार गोयल 89.2 प्रतिशत अंक द्वितीय एवं साक्षी सिंह 88.8 प्रतिशत अंक तृतीय तथा कला संकाय से अंशुमान विशाल 95.2 प्रतिशत प्रथम रंजना गुप्ता 89.2 प्रतिशत द्वितीय एवं अदिति गोयल 86.8 प्रतिशत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मान्यता जायसवाल ने केमिस्ट्री और आईपी विषय में तथा साक्षी जायसवाल ने आईपी विषय में 100 में से 100 अंक अर्जित कर अपनी उच्च शैक्षिक प्रतिभा उजागर की है।प्राचार्य श्रीमती अनामिका भारती ने बारहवीं बोर्ड परीक्षा में विद्यालय के परीक्षा परिणाम पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि बाधाओं से विचलित न होकर उच्च मनोबल के साथ अपने लक्ष्य प्राप्ति के लिए जुट जाना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों के सुखद एवं उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की है।



- कुल शामिल हुए 95 विद्यार्थियों में से मात्र 3 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से ऊपर अंक हासिल किये

#### सेंट जेवियर्स स्कूल का 12वीं बोर्ड में शतप्रतिशत रहा परिणाम

**राजपुर।** सेंट जेवियर्स स्कूल के विद्यार्थियों ने सीबीएसई कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा तथा सभी विद्यार्थियों ने अच्छे अंकों के साथ परीक्षा उत्तीर्ण की। 12वीं बोर्ड परीक्षा में विद्यालय की छात्रा प्राची गुप्ता ने 91.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं अनन्त कुमार अग्रवाल ने 88.4 प्रतिशत अंक अर्जित कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। दीपांशु श्रीवास्तव ने 88 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर अपनी जगह बनाई। इसके अलावा आयशा परवीन और संजीत कुजूर ने संयुक्त रूप से 86 प्रतिशत अंक प्राप्त कर चौथा स्थान हासिल किया। शाना यासीन ने 85.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में पांचवां स्थान प्राप्त किया। टॉप टेन में अपनी जगह बनाने वाले अन्य विद्यार्थियों में मोहम्मद शाद आलम ने 82.4 प्रतिशत, स्वेच्छा यादव ने 81.8 प्रतिशत, शिक्षा ठाकुर एवं श्रेया शांडिल्य ने 80.6 प्रतिशत, सिप्रियन केरकेट्टा ने 79.4 प्रतिशत तथा तृप्ति उपाध्याय ने 78.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि से विद्यालय परिसर में खुशी का माहौल बना हुआ है। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि विद्यार्थियों की सफलता उनके कठिन परिश्रम, शिक्षकों के सतत मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। विद्यालय के प्रबंधक, प्राचार्य एवं समस्त शिक्षकों ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



**13 से 15 मई तक किया जा रहा जागरूकता कार्यक्रम**

## जिले में नुक्कड़ नाटक और एलईडी वैन से किया जा रहा जनजागण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

जनगणना के प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना के व्यापक प्रचार-प्रसार और जनसामान्य को जागरूक करने के उद्देश्य से जिले में विशेष जन जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। इसके लिए नुक्कड़ नाटक और एलईडी वैन के माध्यम से 13 से 15 मई तक प्रचार प्रसार किया जा रहा है। इसके माध्यम से नागरिकों तक जनगणना से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां पहुंचाई जा रही हैं।

अभियान के प्रथम दिवस 13 मई को नगर पंचायत प्रेमनगर, तहसील प्रेमनगर, तहसील रामानुजनगर तथा नगर पंचायत परिषद एवं तहसील क्षेत्र के साप्ताहिक हाट-बाजारों और प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर एलईडी वैन एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ऑडियो-विजुअल प्रदर्शन किया गया। इस दौरान प्रेमनगर साप्ताहिक बाजार, रामानुजनगर बाजार, पुराना बस स्टैंड सूरजपुर सहित विभिन्न स्थानों पर बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान लोगों को जनगणना के महत्व, उसके सामाजिक एवं विकासात्मक लाभों की जानकारी दी गई। साथ ही नागरिकों से कहा कि वे जनगणना कार्य में लगे कर्मचारियों को आवश्यक सहयोग प्रदान करें और शत-प्रतिशत सहभागिता सुनिश्चित करें। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से कलाकारों ने रोचक एवं प्रभावी प्रस्तुति देकर लोगों को जनगणना की आवश्यकता और उसकी उपयोगिता से अवगत कराया। इस जनजागरूकता अभियान का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को जनगणना प्रक्रिया से जोड़ना और उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है।








## खेल सुविधाओं और छात्रावास विकास को लेकर कलेक्टर ने किया निरीक्षण



**सूरजपुर।** जिले में अधोसंरचना विकास, गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य, खेल सुविधाओं के विस्तार तथा छात्रावास में बेहतर सुविधाएं सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर ने विभिन्न निर्माणाधीन एवं संचालित परियोजनाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और समय सीमा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्मित श्यामा प्रसाद मुखर्जी ऑडिटोरियम, डिस्ट्रिक्ट जज आवास सहित निर्माणाधीन ज्यूडिशियल क्वार्टरों का जायजा लिया गया। श्यामा प्रसाद मुखर्जी ऑडिटोरियम भवन में पाई गई कमियों पर नाराजगी व्यक्त की। कलेक्टर ने मरम्मत कार्य को बेहतर गुणवत्ता के साथ कराने के निर्देश दिए। साथ ही निर्माणाधीन ज्यूडिशियल क्वार्टरों को तय समय सीमा में पूर्ण करने को कहा। हाउसिंग बोर्ड अंतर्गत कॉलेज स्टेडियम में निर्माणाधीन सिंथेटिक ट्रैक का निरीक्षण कर गुणवत्तापूर्ण निर्माण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि खेल अधोसंरचना युवाओं के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, इसलिए कार्यों की गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं होना चाहिए। कॉलेज स्टेडियम परिसर में आदिवासी विकास विभाग के अंतर्गत निर्माणाधीन ओबीसी कन्या छात्रावास का निरीक्षण करते हुए कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही नमदगिरी 250 सीटर कन्या छात्रावास में उच्च गुणवत्ता वाली निर्माण सामग्री उपयोग करने पर विशेष जोर दिया गया, ताकि छात्राओं को सुरक्षित और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। निरीक्षण के दौरान शिव पार्क पहुंचकर साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लिया गया। कलेक्टर ने नगर पालिका एवं वन विभाग को पार्क की नियमित सफाई और निर्मित अधोसंरचना के निरंतर रखरखाव के निर्देश दिए। इसके अलावा पंच मंदिर तालाब का निरीक्षण करते हुए तालाब के सौंदर्यीकरण तथा आसपास के क्षेत्र को और अधिक आकर्षक बनाने के लिए नगर पालिका को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।





